भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1496

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्गों का रखरखाव

1496. श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव के लिए कुल कितना बजट आवंटित किया गया है तथा आवंटित बजट में से किया गया वार्षिक उपयोग कितना है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान जिन राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति का आकलन किया गया है, उनका ब्यौरा क्या है;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान जिन राष्ट्रीय राजमार्गों का उन्नयन या मरम्मत की गई है, उनकी कुल लंबाई, किलोमीटर में कितनी है;

(घ) राष्ट्रीय राजमार्गों पर मरम्मत कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं तथा ठेकेदारों के कार्य-निष्पादन की निगरानी के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(ङ) राष्ट्रीय राजमार्गों पर मरम्मत और उन्नयन की निगरानी और उनकी गुणवत्ता बढ़ाने में प्रौद्योगिकी को अपनाने का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के रखरखाव और मरम्मत (एमएंडआर) पर सरकार द्वारा आवंटित धनराशि और किया गया व्यय निम्नानुसार है:-

		धनराशि करोड़ रु. में
वर्ष	**आवंटन**	**व्यय**
2021-22	**5,214**	**5,135**
2022-23	**6,510**	**6,278**
2023-24	**6,581**	**6,523**

(ख) कार्य शुरू होने से पूर्व, पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने से पहले और उसके बाद कार्य पूरा होने के छह माह के नियमित अंतराल पर राष्ट्रीय राजमार्गों के खंडों के लिए नेटवर्क सर्वेक्षण वाहन (एनएसवी) के माध्यम से सड़क की स्थिति का आकलन किया जाता है।

डेटा प्रबंधन/विश्लेषण के उद्देश्य से एनएसवी परीक्षण और तत्पश्चात सड़क परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली (आरएएमएस) में अपलोड करने की स्थिति निम्नानुसार है: -

वर्ष	लंबाई **(**किमी में**)**
2021	**17,450**
2022	**39,652**
2023	**46,323**
2024*	**38,097**
***-** अनंतिम आंकड़े**;** चक्र **2** के लिए डेटा स्वीकृति के पूरा होने के बाद अंतिम आंकड़े	

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान 33,137 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण/विकास/उन्नयन किया गया है। इसके अतिरिक्त, विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न प्रकार के एमएंडआर कार्यों के तहत लगभग 95,000 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों का रखरखाव/मरम्मत किया गया है।

(घ) और (ङ) सरकार ने मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के रखरखाव को प्राथमिकता दी है और अन्य बातों के साथ-साथ जवाबदेह रखरखाव एजेंसी के माध्यम से सभी राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों के एमएंडआर को सुनिश्चित करने के लिए एक कार्य तंत्र विकसित किया है।

राष्ट्रीय राजमार्गों के उन खंडों का एमएंडआर, जहां विकास कार्य शुरू हो चुके हैं या संचालन, रखरखाव और हस्तांतरण (ओएमटी) रियायतें/ संचालन और रखरखाव (ओएंडएम) अनुबंध दिए गए हैं, दोष दायित्व अवधि (डीएलपी)/रियायत अवधि के अंत तक संबंधित रियायतग्राही/ठेकेदारों की जिम्मेदारी है। इसी तरह, टीओटी (टोल ऑपरेट एंड ट्रांसफर) और इनविट (इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) के तहत किए गए राष्ट्रीय राजमार्गों के खंडों के लिए, एमएंडआर जिम्मेदारी रियायत अवधि के अंत तक संबंधित रियायतग्राही की है। इन राष्ट्रीय राजमार्गों के खंडों के संबंध में कोई अलग रखरखाव व्यय दर्ज नहीं किया जाता है।

राष्ट्रीय राजमार्गों के शेष सभी खंडों के लिए, सरकार ने निष्पादन आधारित रखरखाव अनुबंध (पीबीएमसी) या अल्पकालिक रखरखाव अनुबंध (एसटीएमसी) के माध्यम से रखरखाव कार्य करने का नीतिगत निर्णय लिया है। सड़क की स्थिति में चिन्हित दोषों/मुद्दों के सुधार के साथ-साथ अन्य रखरखाव/मरम्मत कार्य ठेकेदार/रियायतकर्ता द्वारा अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाते

हैं। चूककर्ता ठेकेदार/रियायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई के लिए अनुबंध दस्तावेजों में शामिल दंड प्रावधानों के माध्यम से अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है।

सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थायित्व बढ़ाने और रखरखाव की आवश्यकताओं को कम करने के लिए नवीन तकनीकों या विधियों को अपनाने को प्रोत्साहित करती है (वर्षा, भूभाग के प्रकार, मृदा की श्रेणी आदि जैसे कारकों पर निर्भर करता है)। ऐसी नवीन तकनीकों या विधियों में सबग्रेड का स्थिरीकरण, सब-बेस/बेस में जियोसिंथेटिक प्रबलित परत, कंक्रीट की सड़कें/व्हाइटटॉपिंग, स्थायी फुटपाथ, उच्च टिकाऊ बिटुमिनस मिश्रण, परिवर्तित बिटुमेन/बिटुमिनस मिश्रण, फाइबर प्रबलित कंक्रीट, सीमेंट ग्राउटेड बिटुमिनस मिश्रण, बढ़िया संघनन आदि शामिल हैं।

इसके अलावा, एनएचएआई वन/तत्पर ऐप के माध्यम से ऐप आधारित निगरानी से आंतरिक हितधारकों (क्षेत्र अधिकारी/इंजीनियर/ठेकेदार/रियायतग्राही) द्वारा सीधे साइट से ही राजमार्ग परियोजना के कुशल प्रबंधन की सुविधा मिलती है, जिसमें दैनिक और मासिक दोषों की डिजिटल रिपोर्टिंग, निरीक्षण के लिए जियो-टैग और टाइम-स्टैम्प्ड फोटो प्रस्तुत करना और परीक्षण परिणामों को डिजिटल रूप से अपलोड करना शामिल हैं।

*****